भारत सरकार
रेल मंत्रालय

राज्य सभा
17.03.2023 के
तारांकित प्रश्न सं. 195 का उत्तर

कोविड-19 के प्रकोप के बाद रेलगाड़ियों के रुकने के स्टेशनों को समाप्त किया जाना

***195. श्री राम नाथ ठाकुर:**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कोविड-19 के बाद के परिदृश्य को देखते हुए पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत किन-किन रेलगाड़ियों के किस-किस स्टेशन पर ठहराव को रद्द कर दिया गया था;

(ख) क्या कर्पूरीग्राम रेलवे स्टेशन पर टाटानगर-छपरा जन नायक एक्सप्रेस , मौर्य एक्सप्रेस और मिथिला एक्सप्रेस के ठहराव को कोविड-1 9 के प्रकोप से पहले की स्थिति के अनुसार पुनः बहाल किए जाने का मुद्दा जन प्रतिनिधियों द्वारा जनहित में उठाया गया है; और

(ग) क्या रेलवे द्वारा जनहित को कम प्राथमिकता देते हुए रेलगाड़ियों को विशुद्ध रूप से वाणिज्यिक दृष्टिकोण से ठहराव दिया जा रहा है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

कोविड-19 के प्रकोप के बाद रेलगाड़ियों के रुकने के स्टेशनों को समाप्त किए जाने के संबंध में दिनांक 17.03.2023 को राज्य सभा में श्री राम नाथ ठाकुर द्वारा पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या 195 के भाग (क) से (ग) के उत्तर से संबंधित **विवरण।**

(क) से (ग): रेल सेवाओं को पुनः आरंभ करने और गाड़ी सेवाओं के ठहराव को बहाल करने के लिए माननीय संसद सदस्य और अन्यों से अनुरोध/अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं। भारतीय रेल ने , आईआईटी-मुंबई की सहायता से अन्य बातों के साथ-साथ , अनुरक्षण गलियारा ब्लॉक बनाकर , मौजूदा समय-सारणी में विसंगतियों को कम करने आदि द्वारा बेहतर यात्री संरक्षा प्रदान करने के लिए समय-सारणी को युक्तिसंगत बनाने का कार्य शुरू किया है। इस प्रक्रिया में ठहरावों का युक्तिकरण भी सम्मिलित था। कर्पूरीग्राम स्टेशन पर इस समय 01 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस गाड़ी सेवा और 03 जोड़ी पैसेंजर स्पेशल गाड़ी सेवाएं उपलब्ध हैं , जिन्हें यातायात के वर्तमान स्तर के लिए पर्याप्त समझा जाता है। इसके अतिरिक्त भारतीय रेलों पर ठहरावों को पुन आरंभ करने सहित गाड़ियों को ठहराव देना परिचालनिक व्यवहार्यता और वाणिज्यिक औचित्य के अध्यधीन सतत् प्रक्रिया है। इसके अलावा , भारतीय रेलों पर ठहरावों का प्रावधान और युक्तिकरण सतत् प्रक्रिया है।

*****